प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

## सेमीकॉन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। आज नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करते हुए, नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी।

*एससीओ को लेकर भारत की सोच और नीति तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित है । एस सी ओ एस सिक्योरिटी सी कनेक्टिविटी ओ ऑपर्चुनिटी पहले स्तंभ एस यानी सिक्योरिटी के संदर्भ में मैं कहना चाहता हूं कि सुरक्षा शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार है ।*

## प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान हुआ है और सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन एक्ट लागू होने का बाद आने वाले समय में सभी प्रभावितों की मदद को आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और इसके लिए अगर संसाधन जुटाने के लिए अपने खर्चों में कटौती करनी पड़े तो इसके लिए कट लगाए जाएंगे। शिमला में चल रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री विधायक संजय अवस्थी के मूल और संजय रतन, विवेक शर्मा, कुलदीप राठौर और राम कुमार के अनुपूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार केंद्र से अनुमति लेने का प्रयास कर रही है ताकि राज्य सरकार आपदा के कारण भूमिहीन हुए लोगों को एक बीघा वन भूमि प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा में बेघर हुए भूमिहीन लोगों को आवास बनाने के लिए एक बीघा जमीन देने को तैयार है, लेकिन यह मामला भारत सरकार के अधीन है और वहां से एफआरए और एफसीए की मंजूरी लेने का प्रयास किया जाएगा।

## हंगामा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन आज एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सवाल का जबाब न दिए जाने के मामले पर तकरार हुई। फलस्वरूप पूरा विपक्ष प्रश्नकाल आरम्भ होने के कुछ ही देर बाद सदन से उठकर बाहर चला गया और प्रश्नकाल के बाद ही सदन में लौटा। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा देहरा विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को एक जून से 10 जुलाई, 2024 के बीच बांटी गई धनराशि के बारे में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न पर राज्य सरकार द्वारा जानकारी न दिए जाने पर विपक्ष ने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि जानकारी जानबूझकर छिपाई जा रही है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने विपक्ष को शांत करने का प्रयास करते हुए कहा कि विधानसभा सचिवालय द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी प्रदान की जाएगी और वे इसे पढ़ने के बाद आशीष शर्मा के साथ साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि आप अभी भी संतुष्ट नहीं हैं, तो आप नियम 61 के तहत यह मुद्दा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज सत्र का अंतिम दिन है, इसलिए हम सभी को सौहार्दपूर्वक सदन से विदा लेनी चाहिए।

## जयराम

इस बीच सदन से वॉकआउट के बाद नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार पर जानबूझ कर जानकारी छुपाने के आरोप लगाए। पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस देश में वोट चोर अभियान चला रही है लेकिन हिमाचल में देहरा उप चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार ने वोटों की चोरी की है जिसका प्रमाण सामने आ गया है। विधायक आशीष शर्मा ने आरटीआई से मिली सूचना को सदन में रखा है लेकिन सरकार कह रही है उनके पास सूचना नहीं है, यह लोकतांत्रिक परंपराओं और विधानसभा की विधायी प्रक्रिया का उल्लंघन है।

ये पहली बार वो शायद हिमाचल प्रदेश की विधानसभा के अंदर जब किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आरटीआई लेकर के उसी सदस्य ने जिसने प्रश्न किया है उसने सदन के अंदर रखा कि आपके पास अगर सूचना नहीं है मैं ही आपको सूचना प्रदान कर रहा हूं आज जब हम उस प्रश्न पर पूछ रहे थे तो यही बताया गया कि सूचना कतित की जा रही है सही बात यह है कि जो कांग्रेस पार्टी पूरे देश भर में वोट चोर का आजकल नारा लगा रही है इससे बड़ा उदाहरण देखने को वोट चोरी का नहीं मिल सकता है जब विधानसभा का उपचुनाव देहरा विधानसभा क्षेत्र में हो रहा था, उस वक्त वहां पर आचार संहिता के दौरान 66 महिला मंडलों को 50—50 हजार उनके खाते में डाले गए ।

---